25 सितंबर तक होगा 'इन्वेस्ट राजस्थान क्विज' का आयोजन

जयपुर। राजस्थान सरकार आगामी 25 सितंबर तक राज्य के नागरिकों के लिए 'इन्वेस्ट राजस्थान क्विज' का आयोजन कर रही है। यह क्विज राज्य में निवेश आकर्षित करने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं पहलों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करेगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने बटन दबाकर क्विज की शुरुआत। उन्होंने बताया कि 'इन्वेस्ट राजस्थान क्विज' के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यापार के अनुकूल विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। सरकार राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के विभिन्न पहलुओं पर कार्य कर रही है। रावत ने कहा कि 'इन्वेस्ट राजस्थान क्विज' उद्योग विभाग की एक पहल है जो राज्य में व्यापार के विभिन्न अवसरों एवं राज्य सरकार की संबंधित नीतियों के प्रति लोगों में चेतना लायेगी। गौरतलब है कि क्विज में भाग लेने के लिए https://investrajasthan.in/ वेबसाईट पर लॉग इन करना होगा।

फोर्टी स्टार्ट अप एंड इनोवेशन कॉम्पिटिशन का ग्रैंड फिनाले आयोजित

जयपुर/कार्यालय संवाददाता

फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से स्टार्ट अप एंड इनोवेशन कॉम्पिटिशन का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

इसका विजेता बना आर्टिफीशियल इंटेलिजेंसी पर काम करने वाला स्टार्ट अप कॉवट्रीट मेधिनी। इसे 1 लाख रुपय का पुरस्कार दिया गया। 51 हजार रुपये का दूसरा पुरस्कार पेपर रीसायकल पर काम करने वाले बायोडीइंक ने जीता। 31 हजार रुपये का तीसरा पुरस्कार रिन्यूएबल एनर्जी मार्केट प्लेस पर काम करने वाले एग्रीविजय ने जीता। फिनाले में मुख्य अतिथि के तौर पर आईएएस आरएफसी के एमडी शक्तिसिंह राठौड़ ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। जूरी मेंबर्स में सुरजाराम मील, डॉ अरविंद अग्रवाल, सुमित श्रीवास्तव, शीनू झंवर, आदित्य गोयल, डॉ पल्लवी टाक शामिल थे। फोर्टी की ओर से अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष पीडी गोयल और कोषाध्यक्ष नरेश गोयल, मुख्य सचिव नरेश सिंघल ने समारोह म ेंशिरकत की। फोर्टी वुमन विंग की ओर से एडवाइजर डॉ पूजा अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्छल, वाइस प्रेसिडेंट नीलम मित्तल ने भाग लिया। आय ग्रुप ऑफ कॉलेज और अग्रवाल पीजी कॉलेज के सहयोग से आयोजित इस स्टार्ट अप एंड इनोवेशन कॉम्पिटिशन में देश भरके 3 सौ से ज्यादा स्टार्ट अप ने भाग लिया था।

अप्रैल में हुए सेमीफाइनल में 15 स्टार्ट अप को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि फोर्टी प्रदेश के सीरियस स्टार्ट अप्स को इंडस्ट्री कनेक्ट करने और उन्हें निवेशक उपलब्ध कराने में पूरी मदद करेगा।

मेधिनी स्टार्ट अप ने जीता 1 लाख का पहला पुरस्कार

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले फोर्टी के को-चेयरमैन प्रवीण सुथार

उदयपुर/नि.सं.। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज (फोर्टी) शाखाओं के को-चेयरमैन और उदयपुर के युवा उद्यमी प्रवीण सुथार ने दो दिवसीय कोटा दौरे के दौरान कोटा स्थित लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और जन-जन के आराध्य श्रीनाथजी की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान सुथार ने उन्हे फोर्टी द्वारा आयोजित होने वाले आगामी व्यापारिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भी आमंत्रित किया। साथ ही कोटा क्लब में उनकी अध्यक्षता में फोर्टी कोटा संभाग के व्यापारियों की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों ने सुथार का स्वागत किया। बैठक में कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया और व्यापारिक समस्याओं से सुथार को अवगत कराया। एक समय में औद्योगिक नगरी के नाम से मशहूर कोटा में वर्तमान में लगातार घटते उद्योगों के विषय पर चिंता जताई।

ऑर्गेनिक ग्रीन हाउस का शुभारंभ

बीकानेर/नि.सं.। नापासर कस्बे के श्रीमती सी. एम. मूंधड़ा फाउंडेशन ट्रस्ट के रामसर रोड स्थित फार्म हाउस पर ऑर्गेनिक ग्रीन हाउस का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सागर मठ के महाराज रामेश्वरानंद, ट्रस्ट के देवकिशन मूंधड़ा, श्रीकिशन मूंधड़ा, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, बीकानेर पंचायत समिति के प्रधान लालचन्द आसोपा, बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया, नापासर ग्राम पंचायत सरपंच सरला देवी तावनिया, सामाजिक कार्यकर्ता रतीराम तावनिया, नापासर संघर्ष समिति के संयोजक रामरतन सुथार, कालूराम मूंधड़ा, गणेश लाल नागर, महावीर प्रसाद मूंधड़ा, बाबूलाल मोहता, अशोक मंडल आदि मौजूद रहे। अश्वनी इरिगेशन के भरत पटेल ने बताया कि हाईड्रो पॉली हाउस एक ऐसी तकनीक है जिसके माध्यम से ऑफ सीजन में भी सब्जियों तथा फूलों की खेती आसानी से की जाती है।

झंडेवालाज फूड्स लिमिटेड

(CIN: L15209RJ2006PLC022941)
पंजीकृत कार्यालय: बी-70, पहली मंजिल, उपासना हाउस, जनता स्टोर, बापू नगर, जयपुर - 302015, राजस्थान, (भारत)।
दुरभाष: 0141-2703308 ईमेल: acc.jfpl@gmail.com वेबसाइट: www.namans.co.in

16 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

यह सूचना दी जाती है कि झंडेवालाज फूड्स लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की 16 वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शुक्रवार, 30 सितंबर 2022 को सुबह 9.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') के माध्यम से एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में, यथा संशोधित, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") परिपत्र दिनांक 05.05.2022 पठित परिपत्र दिनांक 05.05.2020, 13.01.2021, 08.12.2021 और 14.12.2021 (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र दिनांक 13.05.2022 और 12.05.2020 (सामूहिक रूप से 'सेबी परिपत्र' के रूप में संदर्भित) और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, जैसा कि संशोधित किया गया है, के अनुपालन मे, आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना के साथ 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय विवरण सहित वार्षिक रिपोर्ट 08.09.2022 को उन सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-2022 की वार्षिक रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट www.namans.co.in , स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bsesme.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

अधिनियम की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधानों, संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 और सेबी परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुसार , कट-ऑफ तिथि, यानी शुक्रवार, 23 सितंबर 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 16 वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश 16वीं एजीएम की सूचना में निहित हैं।

इस संबंध में, सदस्यों को यह सूचित किया जाता है कि:

I. रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 27 सितंबर 2022 (सुबह 9 बजे) से शुरू होगी और गुरुवार, 29 सितंबर 2022 (5 बजे शाम) को समाप्त होगी।
ii. ई-वोटिंग के लिए कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 23 सितंबर 2022 होगी।
iii. कोई भी व्यक्ति जो नोटिस के प्रेषण के बाद, कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 23 सितंबर 2022 को शेयर रखता है, वह रिमोट ई-वोटिंग के लिए, एजीएम के नोटिस में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकता है या वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।
iv. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति गुरुवार, 29 सितंबर 2022 को शाम 5.00 बजे के बाद नहीं दी जाएगी।
v. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित सदस्य और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला था और अन्यथा ऐसा करने से वर्जित नहीं हैं, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के निर्देश 16वीं एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं।
vi. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें एजीएम में फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
vii. एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज है, केवल वही, एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ ई- वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
viii. इस संबंध में संचार/प्रश्न हमारे आरटीए, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को इसकी ईमेल आईडी investor@bigshareonline.com पर संबोधित किए जाएंगे।
कृपया समय पर संचार प्राप्त करने के लिए अपनी अपडेट की गई ईमेल आईडी को कंपनी/अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत रखें।

झंडेवालाज फूड्स लिमिटेड के लिए
Sd/-
राकेश बी कुलवाल
डीन: 00615150
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

दिनांक: 08/09/2022
जगह: जयपुर

शर्मा ईस्ट इण्डिया हॉस्पिटल्स एण्ड मेडिकल रिसर्च लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : जयपुर हॉस्पिटल, एसएमएस स्टेडियम के पास, लालकोठी, टोंक रोड
जयपुर-302015 राजस्थान, फोन: 0141-2742557, 2742266
फैक्स: 0141-2742472 CIN: L85110RJ1989PLC005206
ई-मेल: sharmaeastindia@gmail.com वेबसाइट: www.jaipurhospital.co.in

33वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम), बुक क्लोजर और रिमोट ई-वोटिंग के लिए आम सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना में वर्णित प्रस्तावों के निष्पादन के लिए कम्पनी के सदस्यों की 33वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) शुक्रवार, 30.09.2022 को दोपहर 04:00 बजे, भारतीय मानक समय (आईएसटी) पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम) से एजीएम के नोटिस में उल्लेखित व्यवसाय के ट्रांन्जेक्ट करने हेतु आयोजित की जाएगी, जो कि कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) और नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के साथ पढ़ा जाये। यह प्रक्रिया मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के द्वारा जारी किये गए जर्नल परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रेल, 2020, जर्नल परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रेल, 2020 एवं जर्नल परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020, एवं जर्नल परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी 2021 एवं जर्नल परिपत्र संख्या 03/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्रों" के रूप में संदर्भित) (एमसीए परिपत्र) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किये गए परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, दिनांक 12 मई, 2020 परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 एवं परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई 2022 ("सेबी परिपत्रों") के अनुपालन में है। जिसमें आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति जरूरी नही है। अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां और वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट 08.09.2022 को ई-वोटिंग निर्देशों के साथ सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है। सदस्यों को एजीएम और वार्षिक रिपोट के नोटिस की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकताओं को एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुसार समाप्त कर दिया गया है।

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (संशोधन) के नियम 20 और भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के विनियमन 44 (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानकों के तहत कंपनी ने सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से अपने सदस्यों को ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि उक्त एजीएम में ट्रांन्जेक्टेड के लिए प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया जा सके और व्यवसाय को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से स्थानांतरित किया जा सके।

जो सदस्य शेयर धारक कंपनी के शेयर भौतिक रूप में या डीमेट फार्म मे अपने पास रखते हैं और जिनके नाम ये शेयर कट-ऑफ डेट 23.09.2022 को रहेंगे, वे सुनिश्चित किये गये काम के लिए इलेक्ट्रोनिक वोट कर सकेंगे, यह काम एजीएम सूचना में बताया जा चुका है, ई-वोटिंग सिस्टम सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड का है। सभी सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि :

1. एजीएम की सूचना के जरिये जो काम सूनिश्चित हुआ है उनके बारे में वोटिंग इलेक्ट्रोनिक माध्यम से की जा सकेगी।
2. रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को सुबह 10.00 बजे से प्रारम्भ होगी।
3. रिमोट ई-वोटिंग गुरूवार, 29 सितम्बर, 2022 को शाम 5.00 बजे तक हो सकेगी।
4. इलेक्ट्रोनिक वोटिंग करने की पात्रता निर्धारित करने की कट ऑफ डेट 23.09.2022 तय की गई है।
5. रिमोट ई-वोटिंग गुरूवार 29 सितम्बर 2022 की शाम 5.00 बजे के बाद अनुमति योग्य नहीं होगी।
6. कोई भी व्यक्ति कंपनी का शेयर धारक सदस्य एजीएम की सूचना जारी होने के बाद बना है और कट-ऑफ डेट 23.09.2022 को शेयर धारक है, वह beetalrta@gmail.com पर ईमेल कर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड हासिल कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया तथा ई-वोटिंग के बारे में दिशा-निर्देश कंपनी की वेबसाइट पर दर्शाये गये है। यदि सदस्य पहले से ही रिमोर्ट ई-वोटिंग के लिए पंजीकृत है तो वह अपने मौजूदा यूजर आई डी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर वोटिंग कर सकता है।
7. सदस्य यह भी नोट कर लें :
   ए- रिमोर्ट ई-वोटिंग माड्यूल 29.09.2022 की शाम 5.00 बजे बाद निष्क्रिय हो जायेगा और किसी भी सदस्य ने एक बार वोट डाल दिया है तो उसे अपना मत बदलने का अधिकार नहीं रहेगा।
   बी- जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के जरिये मतदान कर चुके हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं रहेगा।
   सी- जिस व्यक्ति का नाम सदस्य या लाभकारी स्वामी के रूप में डिपाजिटरी के यहां कट-ऑफ डेट 23.09.2022 तक रजिस्टर के रिकार्ड में है, उसे ही रिमोट ई वोटिंग का अधिकार रहेगा।
8. एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.jaipurhospital.co.in. एवं सीडीएसल की वेबसाईट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
9. यदि किसी तरह की जानकारी प्राप्त करनी हो या इलेक्ट्रोनिक वोटिंग को लेकर कोई सूचना लेनी हो तो सदस्य अग्रलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं :

भावना शर्मा, कंपनी सचिव
शर्मा ईस्ट इंडिया हॉस्पिटल्स एण्ड मेडिकल रिसर्च लिमिटेड, जयपुर हॉस्पिटल, एसएमएस स्टेडियम के पास, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-302015 राजस्थान। फोन : 0141-2742557, 2742266, ई-मेल: sharmaeastindia@gmail.com या CDSL की वेबसाईट www.evotingindia.com पर विजिट करें।

सदस्यता रजिस्टर एवं शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 24.09.2022 से शुक्रवार, 30.09.2022 तक (दोनो दिनों को मिलाकर) 30.09.2022 को कंपनी की 33वीं वार्षिक साधारण सभा के उद्देश्य से बंद रखी जायेगी।

कृते शर्मा ईस्ट इंडिया हॉस्पिटल्स् एण्ड मेडिकल रिसर्च लिमिटेड
स्थान : जयपुर हस्ता./-
दिनांक : 08.09.2022 भावना शर्मा (कंपनी सचिव)

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन/प्र.श.सं.अभि.2022/आम सूचना/7208 दिनांकः07.09.2022

प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत नगर विकास न्यास भीलवाड़ा में नियमन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों हेतु सार्वजनिक उज्रदारी सूचना

निम्नांकित आवेदकों द्वारा नगर विकास न्यास भीलवाड़ा में उनके नाम के सम्मुख अंकित ग्राम व आराजी संख्या मय भूखण्ड संख्या के नियमन हेतु आवेदन किया गया हैः-

योजना क्षेत्र

क्र.सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम	आराजी संख्या	कृषि भूखण्ड संख्या	साईज
1.	श्री सत्यनारायण पिता रामप्रसाद खटीक	भीलवाड़ा	1228	11	25X47=132.63 वर्गगज
2.	श्री चन्द्रप्रकाश पिता सोहनलाल खटीक, श्रीमती गीता देवी खटीक पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश खटीक	भीलवाड़ा	1663	9, 10	28+17.6/2X57.6 वर्गफीट
3.	श्री अम्बालाल खटीक पिता स्व. श्री गणपत खटीक	भीलवाड़ा	1242	20 व 19 काभाग	36.6X53.3 वर्गफीट
4.	श्री ईश्वरलाल खटीक पिता स्व. श्री गणपत खटीक	भीलवाड़ा	1242	18 व 19 काभाग	36.9X52.6 वर्गफीट
5.	श्री ईश्वरलाल खटीक पिता स्व. श्री गणपत खटीक	भीलवाड़ा	1668	10	43+44/2X140.6 वर्गफीट
6.	श्री उमेश पिता सोहनलाल खटीक	भीलवाड़ा	1242	40	21.6X21 वर्गफीट
7.	श्री बाबुलाल खटीक पिता बालुराम खटीक	भीलवाड़ा	1194, 1195	86, 87	50X38.6 वर्गफीट
8.	श्री सागर कुमार जेठानी पिता स्व. श्री मोहन लाल जेठानी	भीलवाड़ा	1207	50, 51 काभाग	16X48 वर्गफीट
9.	श्रीमती शान्तादेवी पत्नी स्व. श्री रतन लाल रावत	भीलवाड़ा	1243	21	24.6X39.10 वर्गफीट
10.	श्री भगवती प्रसाद पुत्र श्री भूरालाल खटीक	भीलवाड़ा	1242	41	23+24.6/2X21.8 वर्गफीट
11.	श्रीमती आशा देवी पत्नी श्री मूलचन्द खटीक	भीलवाड़ा	1668	85	41.10.5X42.6 वर्गफीट
12.	श्री भगवती प्रसाद पुत्र श्री भूरा लाल खटीक	भीलवाड़ा	1237	5, 11, 17	34X75.2 वर्गफीट
13.	श्री महावीर कुमार पिता अमरचंद पाटनी	भीलवाड़ा	629	7	20X29.9 वर्गफीट
14.	श्रीमती जडाव देवी पत्नी श्री रामेश्वर लाल बाहेती	भीलवाड़ा	584	7	24.6X39.6 वर्गफीट
15.	श्रीमती रामकन्या तेली पत्नी श्री प्रभुलाल तेली	भीलवाड़ा	3581/588	31	25X24.9 वर्गफीट
16.	श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री उमराव सिंह सोलंकी	भीलवाड़ा	584	19	25X40=111.11 वर्गगज
17.	श्री छोटू माली पिता श्री बालू माली	भीलवाड़ा	699, 701	14	25X40=111.11 वर्गगज
18.	श्रीमती सुषमा पाठक पत्नी श्री ब्रजेश कुमार पाठक	भीलवाड़ा	577	3	30X40=133.33 वर्गगज
19.	श्रीमती मांगी देवी पत्नी श्री नन्दलाल माली	भीलवाड़ा	699	34	25X40=111.11 वर्गगज
20.	श्रीमती मेमूना पत्नी श्री बाबू उर्फशरीफमोहम्मद सिलावट	भीलवाड़ा	587	15 काभाग	12.6X38.9 वर्गफीट
21.	श्री कैलाश पिता हजारी तेली	भीलवाड़ा	587	7	20.6X39.8 वर्गफीट
22.	श्री रतनलाल पिता देवी लाल माली	भीलवाड़ा	699	19	25X50=138.88 वर्गगज

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के नियमन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नियमन/आवंटन/समपरिवर्तन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि) एवं प्रभारी अधिकारी (नियमन)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

For Your Information...

iPhones sold globally (Units)

2008: 1.16 Crore
2013: 15.02 Crore
2018: 21.77 Crore
2019: 18.72 Crore
2020: 19.69 Crore
2021: 24.20 Crore

The first-generation iPhone was released on June 29, 2007.

(Apple Inc's Annual Reports)

Compiled by Nafanuksan Research

यहां करें भ्रष्टाचार की शिकायत

एसीबी टोल फ्री नंबर : 1064
वाट्सऐप हेल्पलाइन नं. : 9413502834

विचार सागर

"आत्मविश्वास मनुष्य में उत्साह जगाता है और आत्मविश्वास से ही महान उपलब्धियां भी हासिल होती है।"
- पी.सी. वर्मा

"टहनी से तोड़ा गया हर फूल यही सोचता है कि दुनिया में अधिक अच्छा होना भी अच्छी बात नहीं है।"
- के.आर. कमलेश

Thoughts of the time

The first great gift we can bestow on others is a good example. -Thomas Mobell

Accept the life as it approaches you through the events the stable ones never totters.
- Suresh Rathi

राजस्थानी कहावत

गरीब माथै गूणती वत्ती न्हाकै
गरीब पर एक और बोरी का भार

- जो बैल या गधा ज्यादा सीधा होता है उस पर वजन ज्यादा डाला जाता है।
- जो प्रतिरोध नहीं करता उसका अधिक शोषण होता है।

-स्व. विजय दान देथा
साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा